1. **उद्देश्य।** भ्रष्टाचार विरोधी वैश्विक कार्यक्रम के अंग के रूप में कुछ निश्चित व्यावसायिक भागीदारों के लिए उपयुक्त ढंग के पूर्व अनुमोदन और समीक्षा को निश्चित करने के उद्देश्य से, रीगल (Regal) ने कुछ निश्चित व्यावसायिक भागीदारों और तृतीय पक्षों को नामांकित, नियुक्त, नवीकृत या पुनर्संबद्ध करने के लिए निम्नलिखित कार्यविधि अपनाई है।

2. **प्रयोग।** Regal की सभी इकाइयां और व्यवसाय प्रक्रिया को लागू करने के लिए जिम्मेदार हैं।

   2.1. यह कार्यविधि सभी एजेंटों, दलालों, परामर्शदाताओं, विक्रय प्रतिनिधियों, विक्रय एजेंटों, वितरकों, मूल्य संवर्धित पुनर्विक्रेताओं, अटार्नियों, अकाउंटेंटों, बैरिस्टरों, ट्रैवल एजेंटों, वकीलों, या अन्य तृतीय पक्षों जो (a) Regal (या उसकी किसी सहायक कंपनी) की ओर से कार्य करते हैं, (b) बाहरी दुनिया में Regal का प्रतिनिधित्व करते हैं, (c) Regal के उत्पादों की बिक्री करते हैं, या (d) Regal की ओर से सेवाएं उपलब्ध करते हैं (सामुहिक रूप से, **"व्यावसायिक भागीदार" या "BPs"**)।

   2.2. इस परिशिष्ट की नीति और कार्यविधियां पूरक हैं एवं अमेरिका के निर्यात (नियमों के) अनुपालन के लिए Regal के वैश्विक व्यापार (Global Trade) समूह द्वारा अपेक्षित स्क्रीनिंग प्रक्रियाओं के अतिरिक्त हैं।

   2.3. वे आपूर्तिकर्ता और विक्रेता जो Regal का "प्रतिनिधित्व" बाहर नहीं करते और कार्पोरेट आपूर्ति श्रृंखला संगठन के जरिए प्रबंधित और एकीकृत हैं, एक अलग प्रक्रिया का अनुसरण करते हैं जिससे आधारभूत यथोचित सतर्कता स्क्रीनिंग और जोखिम मूल्यांकन से संबद्ध होते हैं।

   2.4. यदि आप नहीं जानते या इस संबंध में निश्चित नहीं हैं कि आप जिस व्यक्ति या कंपनी के साथ व्यवसाय करने में रुचि रखते हैं, वह इस प्रक्रिया के दायरे में आता है अथवा नहीं, तो कार्पोरेट विधि विभाग (Legal Department) में legal@regalbeloit.com पर ईमेल भेज कर किसी से पूछें।

   2.5. **रीगल की भ्रष्टाचार विरोधी नीति (Regal's Anti-Corruption Policy) (100.102)** के प्रावधान व्यावसायिक भागीदारों की गतिविधियों पर लागू होंगे और वे इस कार्यविधि के अंग हैं।

3. **सिंहावलोकन।** इस कार्यविधि के दायरे में तीन क्षेत्र आते हैं जो दायरे में आने वाले व्यावसायिक भागीदारों और हमारी व्यवसाय प्रायोजित किए जाने संबंधी आंतरिक अपेक्षाओं से संबंधित हैं।

   3.1. वे गतिविधियां जो किसी व्यावसायिक भागीदार के साथ व्यवसाय करने के लिए सहमत होने से पूर्व अवश्य पूरी की जानी चाहिए, उन्हें - हमारी "पूर्व-संबद्धता – यथोचित सतर्कता संबंधी चरण" कहा जाता है। किसी व्यावसायिक भागीदार ("BP") के साथ Regal को सेवाओं, या उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिए अनुबंध करने, नवीकृत करने या संशोधित करने से पहले हमें (Regal) को व्यावसायिक भागीदार विशेष के बारे में जांच-पड़ताल करनी चाहिए और उसका मूल्यांकन करना चाहिए, जिसको "यथोचित सतर्कता बरतने" के रूप में जाना जाता है।

   3.2. वे गतिविधियां और दस्तावेज जिन्हें किसी BP को हमारे द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद और BP के साथ व्यवसाय शुरू किए जाने से पूर्व पूरा किए जाने की आवश्यकता होगी – उन्हें "संबद्धता चरण" कहा जाता है।

   3.3. हमारे द्वारा BP के साथ व्यवसाय शुरू किए जाने के बाद भी, हमें उसके बारे में जांच-पड़ताल करने, सूचना प्राप्त करने और यह निश्चित करने के लिए उनके कार्य की निगरानी करने की आवश्यकता होती है, कि वह हमारे साथ व्यवसाय करने का पात्र बना हुआ है – ये हैं "संबद्धता के बाद अनुसरण किए जाने वाले चरण।"

   3.4. **व्यवसाय प्रायोजित किए जाने संबंधी अपेक्षाएं।** कोई Regal कर्मचारी किसी संभावित नए BP की आवश्यकता अनुभव करता है, या वह किसी वर्तमान BP के साथ Regal के अनुबंध को नवीकृत या संशोधित करना चाहता है।

3.4.1. वह Regal कर्मचारी "व्यवसाय प्रायोजक" है। लेकिन, किसी व्यवसाय प्रायोजक को दो अपेक्षाएं अवश्य पूरी करना चाहिए: 1) उसे Regal का कर्मचारी होना चाहिए, और 2) उसे निदेशक स्तर (आम तौर पर स्तर 24) या उससे ऊपर होना चाहिए। यदि वह व्यक्ति जो BP के साथ संबंध प्रबंधित करने के लिए उत्तरदायी होगा, या तो Regal का कर्मचारी नहीं है, अथवा निदेशक स्तर का नहीं है, तो उसे किसी ऐसे Regal कर्मचारी को ढूंढना होगा जो व्यवसाय प्रायोजक के रूप में कार्य करेगा (यानी सक्षम होगा)।

3.4.2. ***जब तक BP को नैतिकता और अनुपालन (E&C) कार्यालय द्वारा अनुमोदित न कर दिया जाए तब तक उसके साथ प्रक्रिया शुरू न करें, व्यवसाय करना प्रारंभ न करें, उत्पाद न भेजें, Regal द्वारा भुगतान को अनुमोदित या अनुमत न करें (इससे निश्चित होता है कि उपयुक्त ढंग की यथोचित सतर्कता बरती और दस्तावेजीकृत की गई है)।***

4. **पूर्व-संबद्धता – प्रक्रिया प्रारंभन – व्यवसाय प्रायोजन संबंधी अपेक्षाएं, संबद्धता, यदि अनुमोदित किया जा चुका हो।** कोई Regal कर्मचारी किसी संभावित नए BP की आवश्यकता महसूस करता है या किसी वर्तमान BP के साथ Regal के अनुबंध को नवीकृत या संशोधित करना चाहता है।

4.1. **चरण 1**: **प्रारंभिक अंतर्ग्रहण फार्म [इसका उल्लेख रीगल के कर्मचारी की रिपोर्ट (Regal Employee Report) के रूप में भी किया जा सकता है]** व्यवसाय प्रायोजक **प्रारंभिक अंतर्ग्रहण** फार्म (**परिशिष्ट 2**) को पूरा करता है और उसे नैतिकता एवं अनुपालन कार्यालय (Ethics & Compliance Office) ("E&C" या "E&C कार्यालय (Office)") को या तो Regal कंपनी के इंट्रानेट के जरिए एक्सेस किए गए कर्मचारी अनुपालन पोर्टल (Employee Compliance Portal) पर अथवा integrity@regalbeloit.com पर किए गए ईमेल के जरिए प्रस्तुत करता है।

4.2. **चरण 2: E&C द्वारा प्रारंभिक जोखिम मूल्यांकन। परिशिष्ट 2** में दी गई सूचना के आधार पर E&C एक आधारभूत स्क्रीनिंग प्राप्त करेगी और BP के लिए एक प्रारंभिक जोखिम मूल्यांकन आवंटित करेगी। E&C यह प्रारंभिक जोखिम मूल्यांकन व्यवसाय प्रायोजक को उपलब्ध कराएगी।

4.2.1. E&C उपयुक्त मूल्यांकन निर्धारित करने के लिए व्यवसाय के अन्य अंगों के साथ भी कार्य कर सकती है। नीचे बताए गए मानदंडों और E&C के अनुभव के आधार पर जोखिम मूल्यांकन सामान्यतः कम, मध्यम स्तर का या अधिक हो सकता है।

4.2.2. Regal की ओर से कार्य करने वाले अन्य लोगों के समक्ष उसका प्रतिनिधित्व करने वाले भागीदार सामान्यतः अधिकतम जोखिम उपस्थित करते हैं।

4.2.3. वे BP जो Regal के उत्पादों को बेचते हैं और उसका/उनका स्वामित्व स्वीकार करते हैं (आम तौर पर "वितरक" के रूप में जाने जाते हैं) या जो हमारे उत्पादों को अपने उत्पाद में शामिल करते हैं (जैसा कि मूल उपकरण निर्माताओं "OEM" के साथ होता है), वे भी जोखिम उपस्थित करते हैं, पर उतना अधिक जोखिम नहीं। भौगोलिक स्थिति भी जोखिम संकेतक है।

4.2.4. उन देशों के लिए जिन्हें TI प्राप्तांक मिला है, या जिनके लिए किसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रणाली का प्राप्तांक भ्रष्टाचार या घूसखोरी का अधिक जोखिम दर्शाता है, हम Regal के लिए जोखिम का उपयुक्त स्तर निर्धारित करने हेतु व्यवसाय प्रायोजक, साथ ही BP से प्रायः अधिक सूचना मांगते हैं। *E&C का परामर्श: यदि आप किसी ऐसे BP के साथ व्यवसाय करने के बारे में सोच रहे हैं, जो इस प्रकार के देश में व्यवसाय करता है, जहां भ्रष्टाचार का अधिक जोखिम उपस्थित है, और आप प्रक्रिया छोटी करना चाहते हैं, तो* ***अंतर्ग्रहण फार्म (परिशिष्ट 2)*** *प्रस्तुत करते समय आगे बढ़कर BP को* ***भ्रष्टाचार विरोधी प्रश्नावली (परिशिष्ट 5)*** *तथा* ***प्रमाणन (परिशिष्ट 4)*** *भेज दें।*

4.2.5. हम BP का मूल्यांकन कैसे करते हैं, इसका एक उदाहरण यहां प्रस्तुत है:

अधिक:	मध्यम:	कम:
BPs उन देशों में प्रचालन कर रहे हैं जिनका TI CPI* प्राप्तांक 50 या उससे कम है अथवा TRACE मैट्रिक्स** प्राप्तांक 65 या उससे कम है और	BPs उन देशों में प्रचालन कर रहे हैं जिनका TI CPI* प्राप्तांक 50 या उससे कम है अथवा TRACE मैट्रिक्स** प्राप्तांक 75 या उससे कम है जो अधिक (जोखिम का स्तर) प्राप्त नहीं करता (क्योंकि वे A या B नहीं कर रहे हैं)	अन्य सभी BPs

यह दस्तावेज नियंत्रित है और इसे इलेक्ट्रॉनिक विधि से जारी किया गया है। Regal corporate website (http://investors.regalbeloit.com/phoenix.zhtml?c=116222&p=irol-govanticorruption) पर पोस्ट किया गया इंग्लिश संस्करण सबसे अद्यतित दस्तावेज है। मुद्रित प्रतियां या इलेक्ट्रॉनिक विधि से अन्य स्थानों पर स्टोर की गई प्रतियां पुरानी (व्यवहार में न आने वाली) हो सकती है।

कोई एक A या B		
A) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ढंग से सरकारी इकाइयों या SOEs***, को उत्पाद बेचता है या सेवाएं उपलब्ध कराता है;	वे BPs जो उन देशों में प्रचालन कर रहे हैं, जिनका TI CPI* प्राप्तांक 60 या उससे कम है अथवा TRACE मैट्रिक्स** प्राप्तांक 65 या उससे कम है और **कोई एक A या B**	
B) विदेशी सरकारों के साथ नियामक प्रक्रियाओं (डीलिंग्स) में Regal का प्रतिनिधित्व करता है	A) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ढंग से सरकारी इकाइयों या SOEs***, को उत्पाद बेच रहे हैं या सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं	
	B) विदेशी सरकारों के साथ नियामक प्रक्रियाओं (डीलिंग्स) में Regal का प्रतिनिधित्व करते हैं	

*TI CPI = ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल का भ्रष्टाचार के प्रत्यक्ष ज्ञान से संबंधित सूचकांक (Transparencey International Corruption Perception Index) में यह साल दर साल बदलता रहता है;
**TRACE मैट्रिक्स = TRACE रैंड कार्पोरेशन में व्यवसायिक घूसखोरी जोखिम का आकलन (TRACE Matrix = TRACE Rand Corporation Business Bribery Risk Assessment)
***SOE = राज्य के स्वामित्व वाला या राज्य नियंत्रित उद्यम या इकाई

4.3. **चरण 3: व्यवसाय प्रायोजक समीक्षाएं E&C मूल्यांकन और अपेक्षाएं।** व्यवसाय प्रायोजक E&C से प्रश्नों के लिए और यह पुष्टि करने के उद्देश्य से संपर्क करता है कि BP से और क्या (जानने की) आवश्यकता है।

4.4. **चरण 4: मध्यम स्तर और अधिक जोखिम वाले BP के लिए अतिरिक्त सूचना का अनुरोध करें।** (यदि BP के लिए E&C का कम जोखिम वाला मूल्यांकन है, चरण 5 के लिए बढ़ जाएं)।

4.4.1. Regal का व्यवसाय प्रायोजक BP से पूरा किया हुआ **प्रमाणन (परिशिष्ट 4) और भ्रष्टाचार विरोधी प्रश्नावली (परिशिष्ट 5) [Certification (Appendix 4) and Anti-Corruption Questionnaire (Appendix 5)]** उपलब्ध कराने और प्राप्त कराने के लिए कहता है ताकि वह उसे E&C के साथ साझा कर सकें।
4.4.2. Regal का व्यवसाय प्रायोजक BP से प्राप्त दस्तावेजों की समीक्षा करता है। यदि वे पूर्ण हैं, तो व्यवसाय प्रायोजक उन्हें E&C के साथ साझा करता है।

4.5. **चरण 5: व्यवसाय प्रायोजक और BP से E&C के लिए प्राप्त की गई समीक्षा सामग्रियां।** यथोचित सतर्कता बरतने की इस प्रक्रिया का उद्देश्य हमारे द्वारा BP के साथ कोई संबंध शुरू किए जाने या उसे नवीकृत किए जाने से पहले ऐसे किसी भी संभावित चेतावनी संकेत को प्रकट करना है जिसके लिए और अधिक जांच-पड़ताल या नियंत्रण स्थापित किए जाने की आवश्यकता हो सकती है। कुछ चेतावनी संकेतों का वर्णन **परिशिष्ठ 8 (चेतावनी संकेत)** में किया गया है।

4.6. **चरण 6: यदि आवश्यकता होगी, तो यथोचित सतर्कता संबंधी रिपोर्टों के लिए आदेश दिया जाएगा।** यदि E&C को उपयुक्त लगता है, तो वह किसी प्रतिकूल मीडिया या किसी बाहरी "यथोचित सतर्कता" जांचकर्ता या (रिपोर्ट) प्रदाता से किसी अन्य विस्तृत यथोचित सतर्कता रिपोर्ट के लिए आदेश देगी।

4.6.1. इन रिपोर्टों के लिए पूर्व अनुमोदित (और स्क्रीन किए गए) विक्रेताओं में Thomson Reuters, Kroll, Red Flag Group, STEELE, TRACE, और Trident, साथ ही वैसी ही सेवा उपलब्ध कराने वाले कुछ अन्य प्रदाता शामिल हैं।
4.6.2. अनुरोधित गहराई/स्तर के आधार पर, इन रिपोर्टों को सेवा प्रदाता से प्राप्त करने में 5 से 25 व्यावसायिक दिन लगते हैं।
4.6.3. यदि E&C कार्यालय निर्धारित करता है कि किसी रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं है, तो चरण 8 के लिए आगे बढ़ जाएं।

यह दस्तावेज नियंत्रित है और इसे इलेक्ट्रॉनिक विधि से जारी किया गया है। Regal corporate website (http://investors.regalbeloit.com/phoenix.zhtml?c=116222&p=irol-govanticorruption) पर पोस्ट किया गया इंग्लिश संस्करण सबसे अद्यतित दस्तावेज है। मुद्रित प्रतियां या इलेक्ट्रॉनिक विधि से अन्य स्थानों पर स्टोर की गई प्रतियां पुरानी (व्यवहार में न आने वाली) हो सकती है।

4.7. **चरण 7: मूल्यांकन।** व्यवसाय प्रायोजक और E&C के प्रतिनिधि रिपोर्टों के परिणामों के बारे में विचार-विमर्श करने, चेतावनी संकेतों का मूल्यांकन करने एवं यह निर्धारित करने के लिए कि किस प्रकार के अतिरिक्त नियंत्रण या मूल्यांकन की आवश्यकता है, यदि कोई हो, आपस में मिलते हैं।

4.7.1. यथोचित सतर्कता प्रक्रिया के दौरान, यदि कोई चेतावनी संकेत पाया जाता है, जैसे कि वे जिन्हें **परिशिष्ट 8** में वर्णित किया गया है, तो BP अनुमोदन के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि E&C कार्यालय तर्कसंगत ढंग से निश्चित न हो जाए कि यदि BP कानून या हमारी नीति का उल्लंघन करता है, तो "खतरे के संकेत" ("रेड फ्लैग्स") Regal के लिए सायास ढंग से की गई अनदेखी / जानबूझ कर की गई उपेक्षा का खतरा नहीं उपस्थित करेंगे।

4.7.2. खतरे के संकेतों (रेड फ्लैग्स) और अन्य चिंताओं को मिटाने या उनका समाधान करने के लिए E&C कार्यालय को फॉलोअप करने के लिए Regal का व्यवसाय प्रायोजक जिम्मेदार होगा।

4.8. **चरण 8: E&C द्वारा BP का निर्धारण।** E&C कार्यालय BP के साथ संबंध जोड़ने या नवीकृत करने के अनुरोध को अनुमोदित करता है, अतिरिक्त नियंत्रणों के साथ अनुमोदित करता है ("शर्तों के अधीन अनुमोदन") या अनुमोदित नहीं करता है (अस्वीकार)। चेतावनी संकेतों या प्रक्रिया के दौरान जानी गई या BP से संबंधित अन्य चिंताओं के आधार पर अन्य अपेक्षाओं का प्रस्तुतीकरण और अन्य नियंत्रणों को लागू करके सशर्त अनुमोदन दिया जा सकता है।

4.9. **चरण 9: यदि अनुमोदित किया जाता है तो व्यवसाय प्रायोजक BP को अधिसूचित और संबद्ध करता है।**

4.9.1. व्यवसाय प्रायोजक Regal के अंदर अपने क्षेत्र के व्यक्ति (यह सामान्यतः आपूर्ति श्रृंखला या सोर्सिंग या वित्तीय मामलों से संबंधित कोई व्यक्ति होता है, जो उन विक्रेताओं/आपूर्तिकर्ताओं/प्रतिनिधियों को प्रविष्ट करता है, जिन पर व्यय किया जाता है) को अधिसूचित करता है, या इसकी पुष्टि करता है कि BP उपयुक्त प्रणाली में सक्रिय हो सकता है ताकि BP को Regal के जरिए भुगतान किया जा सके।

4.9.2. व्यवसाय प्रायोजक को यह भी अवश्य निश्चित करना चाहिए कि BP के साथ कोई हस्ताक्षरित लिखित या मास्टर अनुबंध मौजूद है। BP द्वारा भ्रष्टाचार और घूसखोरी किए जाने से सुरक्षा के उपाय के रूप में, हमें लिखित अनुबंध की आवश्यकता होती है। अनुबंध में भ्रष्टाचार, घूसखोरी और धोखाधड़ी को रोकने और उनसे बचने के लिए उनसे संबंधित कुछ निश्चित शर्तों और प्रतिबंधों को शामिल किए जाने की आवश्यकता होती है। BP के अनुबंधों के लिए अनिवार्य प्रावधान **परिशिष्ट 6 (अनिवार्य संविदा शर्तें) में दिए गए हैं।** यदि BP का मूल्यांकन अधिक जोखिम वाले के रूप में किया गया है तो **परिशिष्ट *7* (संविदा के लिए संस्तुत शर्तें)** के प्रावधान भी अपेक्षित हैं। कुछ निश्चित BP के लिए **परिशिष्ट** *7* के कुछ या सभी प्रावधान भी अपेक्षित हो सकते हैं और उन्हें सभी BP के लिए लागू करने का सुझाव दिया गया है, भले ही उनका मूल्यांकन अधिक या मध्यम स्तर के जोखिम वाले के रूप में न किया गया हो।

4.9.3. व्यवसाय प्रायोजक और उसका/उसकी सुपरवाइज़र यह निश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि BP Regal के भ्रष्टाचार विरोधी कार्यक्रम और उसकी अपेक्षाओं से परिचित है।

4.9.4. जब E&C या विधि विभाग द्वारा अपेक्षित हो, तब व्यवसाय प्रायोजक और उसका/उसकी सुपरवाइज़र BP की आचरण संहिता, नैतिकता संबंधी वक्तव्य और भ्रष्टाचार विरोधी या घूसखोरी विरोधी-नीति की एक प्रति प्राप्त करने के लिए भी जिम्मेदार है। यदि इनमें से कोई दस्तावेज़ उपलब्ध न हो, तो व्यवसाय प्रायोजक इस स्पष्टीकरण के साथ उन्हें दस्तावेजीकृत करने के लिए जिम्मेदार होगा कि BP के पास इसमें से कोई एक या एकाधिक दस्तावेज क्यों नहीं है।

4.9.5. यदि BP सहयोग नहीं देता या किसी शर्त के बारे में आपत्ति करता है तो Regal के व्यवसाय प्रायोजक को और अधिक मार्गदर्शन के लिए E&C या इस मामले पर कार्य कर रहे विधि-विभाग के वकील से संपर्क करना चाहिए।

5. **चरण 10: यथोचित सतर्कता फाइल।** व्यवसाय प्रायोजक BP के बारे में यथोचित सतर्कता संबंधी पूरी फाइल रखता है। यदि Regal कभी BPs (कभी-कभी इन्हें "तृतीय पक्ष" के नाम से जाना जाता है) के कार्यों के कारण भ्रष्टाचार विरोधी जांच का केंद्र बिंदु बनेगा, तो सरकारी विनियामकों द्वारा सबसे पहले पूछे जाने वाले सवालों में से एक संभवतः यह होगा, कि "कंपनी ने क्या उचित सतर्कता बरती?" इस दृष्टि से, Regal के व्यवसाय प्रायोजक को पूरे किए गए चरणों, प्राप्त किए गए दस्तावेजों को दर्शाने वाली और यथोचित सतर्कता प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्राप्त तथ्यों को सारांश प्रस्तुत करने वाली पूरी की हुई यथोचित सतर्कता फाइल अवश्य तैयार करनी चाहिए और उसे बरकरार रखना चाहिए तथा वह E&C कार्मिकों को उपलब्ध होनी चाहिए।

6. **चरण 11: जारी फॉलो-अप**

यह दस्तावेज नियंत्रित है और इसे इलेक्ट्रॉनिक विधि से जारी किया गया है। Regal corporate website (http://investors.regalbeloit.com/phoenix.zhtml?c=116222&p=irol-govanticorruption) पर पोस्ट किया गया इंग्लिश संस्करण सबसे अद्यतिद दस्तावेज है। मुद्रित प्रतियां या इलेक्ट्रॉनिक विधि से अन्य स्थानों पर स्टोर की गई प्रतियां पुरानी (व्यवहार में न आने वाली) हो सकती है।

6.1. व्यवसाय प्रायोजक प्रत्येक BP से, एक अद्यतिद भ्रष्टाचार विरोधी प्रमाणन प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार होगा, जो **परिशिष्ट 3 (प्रमाणन)** में प्रस्तुत रूप के समान होगा, पर (अद्यतन प्राप्त करने की) यहां अवधि तीन साल से कम न होगी, लेकिन विधि विभाग या E&C के निर्देश पर उसे और जल्दी प्राप्त किया जा सकता है। Regal व्यवसाय प्रायोजक और उसका/उसकी सुपरवाइज़र यह निश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं कि E&C को BP की परिस्थितियों में ऐसे किसी भी परिवर्तन की सूचना हो जो उसे आवंटित जोखिम स्तर को प्रभावित कर सकता है। जोखिम (स्तर) को प्रभावित करने वाली चीजों के कुछ उदाहरण हैं – स्वामित्व में परिवर्तन, प्रबंधन में महत्त्वपूर्ण बदलाव, नया व्यावसायिक कार्यक्षेत्र, प्रतिकूल मीडिया कवरेज (रिपोर्टिंग), घूसखोरी, भ्रष्टाचार के आरोप, आदि।

6.2. व्यवसाय प्रायोजक यह निश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि BP के एजेंटों और कर्मचारियों के लिए अपेक्षित कोई भी भ्रष्टाचार-विरोधी प्रशिक्षण E&C की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरा हो।

6.3. व्यवसाय प्रायोजक प्रत्येक पांच वर्ष पर अंतर्ग्रहण और संबद्धता प्रक्रिया को नवीकृत करने के लिए जिम्मेदार है। (यदि अधिक जोखिम वाला BP हो तो प्रत्येक तीन वर्ष पर)।

6.4. व्यवसाय प्रायोजक को आवधिक रूप से, BP द्वारा किए गए किसी लेन-देन और उसे किए गए भुगतान की समीक्षा अवश्य करनी चाहिए एवं यदि किसी अनियमितता का संदेह हो या उसे प्रेक्षित किया गया हो, तो लेखा परीक्षण अथवा अन्य प्रकार की निगरानी किया जाना निश्चित करना चाहिए।

विधि सलाहकार:	डेविड साइमन, फोली व लार्डनर (David Simon, Foley & Lardner)	
अनुमोदनकर्ता:	□ जोखिम एवं अनुपालन समिति ✓ GC	दस्तावेज स्टोरेज सूचना: 2014-00120: 0000006408
भाषा:	वही जो भ्रष्टाचार विरोधी नीति में है – वैश्विक 100.102	
संशोधित इतिहास/तिथि पूरा किया हुआ:	6: नीति से मेल खाने के लिए संशोधित भाषा संदर्भ 5: वैश्विक व्यापार निर्यात अनुपालन संदर्भ सम्मिलित किया गया 4: पायलट फीडबैक, संशोधित प्रक्रियाओं, सम्मिलित TRACE मूल्यांकन के आधार पर संशोधित 3: पुनर्नामित व्यावसायिक भागीदार नीति एवं कार्यविधि, परिवर्तित प्रारूप और नंबरिंग, संशोधित प्रक्रियाएं और जोखिम का मूल्यांकन कैसे किया गया, पूर्व में तृतीय पक्ष संबद्धता नीति 2: संशोधित, प्रदर्शों (एक्जीबिट्स) को पृथक रूप से प्रस्तुत होने के लिए स्थानांतरित किया, अनुवादित, संचालन/IR/सत्यनिष्ठा और अनुपालन साइट पर कार्यक्रम सामग्री को बाह्य रूप से प्रकाशित किया नई: RBC भ्रष्टाचार-विरोधी कार्यक्रम के अंग के रूप में नई तृतीय पक्ष संबद्धता नीति जारी की गई	2015-जून-17 2015-जून-01 2014-दिसंबर-31 2014-सितंबर-01 2012-अगस्त-30 2010-दिसंबर-07

यह दस्तावेज नियंत्रित है और इसे इलेक्ट्रॉनिक विधि से जारी किया गया है। Regal corporate website (http://investors.regalbeloit.com/phoenix.zhtml?c=116222&p=irol-govanticorruption) पर पोस्ट किया गया इंग्लिश संस्करण सबसे अद्यतिद दस्तावेज है। मुद्रित प्रतियां या इलेक्ट्रॉनिक विधि से अन्य स्थानों पर स्टोर की गई प्रतियां पुरानी (व्यवहार में न आने वाली) हो सकती है।